# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 24 अगस्त 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:






Praveen Kumar Sharma

**GK Search Engine**

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

**Download App**

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने के लिए कहां पर आधुनिक लैंग्वेज लैब की स्थापना होगी ?**

(A) उदयपुर
(B) जयपुर
(C) बीकानेर
(D) इनमें से कोई नही

*राजस्थान के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने के लिए जयपुर में आधुनिक लैंग्वेज लैब की स्थापना होगी*

*राज्य सरकार की पहल पर प्रदेश में इंग्लिश एण्ड फॉरेन लैंग्वेज यूनिवर्सिटी और केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा 'लैंग्वेज लैब' स्थापित की जाएगी।*

*लैंग्वेज लैब में युवाओं को अंग्रेजी, फ्रेंच, स्पैनिश, जापानीज जैसी विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे इन भाषाओं में पारंगत बन सकें और उनके लिए विदेशों में रोजगार की राह प्रशस्त हो सके।*

01. हाल ही में राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर कचनार चौधरी ने चेन्नई में सीनियर नेशनल इंटर स्टेट चैम्पियनशिप में शॉटपुट में कौनसा पदक जीता है ?

(a) स्वर्ण पदक

(b) रजत पदक

(c) कांस्य पदक

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर कचनार चौधरी शॉटपुट की बड़ी एथलीट बनने की ओर अग्रसर हैं। उनकी प्रदर्शन में हर इवेंट में सुधार नजर आ रहा है।
- चेन्नई में 20 से 24 अगस्त तक चल रही सीनियर नेशनल इंटर स्टेट चैंम्पियनशिप में कचनार ने 15.75 मीटर दूर शॉटपुट (गोला फेंक) में गोल्ड मेडल अपने नाम किया।
- इससे पहले उन्होंने स्टेट चैंम्पियनशिप में 14.98 मीटर के साथ गोल्ड जीता था।
- कचनार चौधरी ने जून-जुलाई में अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड पुलिस गेम्स की शॉटपुट स्पर्धा में गोल्ड और डिस्कस थ्रो में सिल्वर मेडल जीता था।
- कचनार चौधरी राजस्थान के चूरू जिले के सुजानगढ़ कस्बे की रहने वाली हैं


**02. हाल ही में राजस्थान के संस्कृत शिक्षा विभाग ने कक्षा 7वीं की संस्कृत प्रबोध (द्वितीय भाग) में किस लिपि को शामिल किया है?**

(A) ब्राह्मी लिपि

(B) खरोष्ठी लिपी

(C) सिंधु लिपी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

## ज्ञान भारतम् योजना : ब्राह्मी लिपि स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल

- राजस्थान के संस्कृत शिक्षा विभाग ने कक्षा 7वीं की संस्कृत प्रबोध (द्वितीय भाग) में ब्राह्मी लिपि को शामिल किया।
- यह पहल ज्ञान भारतम् योजना के तहत हुई, जिसका उल्लेख प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2025 को लालकिले से किया था।
- पहले चरण में 560 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा (25–30 अगस्त 2025, 7 संभागों में)।

03. राजस्थान को विकसित बनाने के लिए 2047 तक कितने मिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य हेतु विज़न डॉक्यूमेंट को मंजूरी प्रदान की गई है?

(A) 5.9 मिलियन डॉलर

(B) 4.7 मिलियन डॉलर

(C) 3.9 मिलियन डॉलर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान को विकसित बनाने के लिए 2047 तक का विज़न डॉक्यूमेंट अप्रूव हुआ. यह रोड मैप नीति आयोग और विषय विशेषज्ञों की चर्चा से बना है.
- 2047 तक 4.7 मिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य रखा गया है. इसमें 13 विभाग शामिल हैं. हर गांव में शिक्षा और रोजगार के अवसर मिलेंगे.
- इस विजन डॉक्यूमेंट में 13 सेक्टर और 45 विभागों के इनपुट शामिल हैं, जिसका उद्देश्य हर गांव तक विकास और रोजगार पहुंचाना है

04. राजस्थान में नई भूमि आवंटन नीति–2025 लाए जाने हेतु किसके द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है?

(a) भजनलाल शर्मा

(b) ओम बिड़ला

(c) हरिभाऊ बागड़े

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में 23 अगस्त को सीएमओ (CMO) में राजस्थान की कैबिनेट बैठक आयोजित की गई है, जिसमें विधानसभा के आगामी सत्र पर चर्चा से लेकर कई अहम फैसले हुए हैं
- भूमि आवंटन की स्पष्ट नीति पर कैबिनेट ने बड़ा फैसला लिया है.
- सरकार भूमि आवंटन नीति–2025 लाई जाएगी. किसी भी उद्देश्य के लिए भूमि आवंटन में निष्पक्षता होगी. इससे आवंटन में पारदर्शिता आएगी
- मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों, समाचार पत्र, कंपनियों को भूमि आवंटन के प्रावधान किया गया है। डीएलसी रेट की 25% दर पर भूमि आवंटित की जाएगी, 2015 की नीति में संशोधन करके नई नीति बनाई जाएगी।

**05. राजस्थान में किस जिले के युवा निशानेबाज राजवीर सिंह राठौड़ ने 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में भारत के लिए सिल्वर मेडल जीता है?**

(A) बीकानेर

(B) जोधपुर

(C) पाली

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- पाली जिले के युवा निशानेबाज राजवीर सिंह राठौड़ ने 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में भारत के लिए सिल्वर मेडल जीता।
- कजाकिस्तान में 5 से 20 अगस्त तक प्रतियोगिता हुई।
- राजवीर सिंह इससे पूर्व भारतीय टीम का नेतृत्व वर्ल्ड चैम्पियनशिप इटली में कर चुके हैं।

06. भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (ICAI), जयपुर शाखा द्वारा AI इनोवेशन समिट 2025 कब आयोजित किया गया?

(A) जयपुर

(B) बीकानेर

(C) अजमेर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (ICAI), जयपुर शाखा द्वारा AI इनोवेशन समिट 2025 का आयोजन 22 अगस्त को जयपुर में किया गया
- मुख्य वक्ता: मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा
- देश में सबसे अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA) राजस्थान से हैं।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा इस अवसर पर 'प्राइवेसी इन एआई' पुस्तक और समिट की स्मारिका का विमोचन किया गया।
- AI 2.0' कोर्स का ऑनलाइन शुभारंभ ICAI सदस्यों के प्रशिक्षण हेतु।

**07. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य के किस जिले में वर्ल्ड क्लास कन्वेंशन सेंटर बनाए जाने की घोषणा की है?**

(a) जयपुर

(b) अजमेर

(c) जोधपुर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा बड़ी घोषणा की गई है जयपुर में वर्ल्ड क्लास कन्वेंशन सेंटर बनेगा,
- बड़ी-बड़ी मीटिंग के लिए दुनिया भर के लोग जयपुर आएंगे। जिसके लिए जयपुर के टोंक रोड़ पर 3.5 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को अप्रवूल दिया गया है।
- दिल्ली के मंडपम को बनाने वाली कंपनी यह प्रोजेक्ट पूरा करेगी, जिसे 36 महीने में यह काम पूरा करना होगा।
- दिल्ली के प्रगति मैदान में स्थित भारत मंडपम का निर्माण राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम (NBCC) ने किया था

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**08. राजस्थान का दूसरा पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय कहां स्थापित किया जाएगा।?**

(A) अलवर

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- बीकानेर के बाद राजस्थान का दूसरा पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जयपुर में स्थापित किया जाएगा।
- झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बस्सी नागा, तहसील जोबनेर में 50 बीघा भूमि का आवंटन कर किया गया है
- इस महत्वपूर्ण परियोजना से पशुपालन, कृषि एवं अनुसंधान को नई दिशा मिलेगी और क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।
- राजस्थान देश का ऐसा पहला राज्य होगा, जहाँ दो पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय होंगे


09. हाल ही में भारतीय विज्ञापन एजेंसी संघ (AAAI) का पुनः अध्यक्ष  किसे चुना गया है?

(A) जयदीप गांधी

(B) राजीव कुमार

(C) श्रीनिवासन के. स्वामी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- श्रीनिवासन के. स्वामी को 2025-26 के लिए भारतीय विज्ञापन एजेंसी संघ (AAAI) का पुनः अध्यक्ष चुना गया है, जो उनका चौथा कार्यकाल होगा।
- आर. के. स्वामी लिमिटेड के कार्यकारी समूह अध्यक्ष, स्वामी, भारत में विज्ञापन एजेंसियों के प्रतिनिधित्व के 80 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस उद्योग निकाय का नेतृत्व करेंगे।
- जयदीप गांधी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, और कई उद्योग जगत के दिग्गज बोर्ड में शामिल हुए हैं।

**10. राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2025 कब मनाया गया है?**

(A) 21 अगस्त

(B) 23 अगस्त

(C) 20 अगस्त

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2025: 23 अगस्त:
- यह दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया है
- यह वार्षिक उत्सव 23 अगस्त, 2023 को चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर की चंद्र सतह पर ऐतिहासिक सॉफ्ट लैंडिंग के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।
- विषय: 'आर्यभट्ट से गगनयान: प्राचीन ज्ञान से अनंत संभावनाओं तक'

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में राजस्थान के किस जिले के एक गांव में एक तालाब की खुदाई के दौरान डायनासोर युग के जीवाश्म मिले हैं?**

(a) जैसलमेर

(b) जोधपुर

(c) अलवर

(d) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

GK Search Engine Mobile App

🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷

💠क्या मिलेगा? 👇👇👇👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

🔳 अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine